आइआइएम में एमबीए कोर्स के लिए आवेदन 30 जून तक

जागरण संवाददाता, रांची : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम) में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पांच वर्षीय एमबीए कोर्स में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी को स्कॉलैस्टिक एसिस्मेंट टेस्ट (सैट) क्वालिफाई करना होगा। दाखिला 120 सीटों पर लिया जाएगा। नामांकन उन्हीं विद्यार्थियों का होगा जो 31 अगस्त तक 12वीं की योग्यता पूरी कर लिए हैं। नामांकन के लिए 12वीं में संकाय की बाध्यता नहीं है। सामान्य श्रेणी के स्टूडेंट्स के लिए 12 वीं में 60 फीसद और आरक्षित श्रेणी के लिए 55 फीसदी अंक जरूरी है।

पहला बैच सत्र 2021-2026 के लिए शुरू हो रहा है। इस पांच वर्षीय कोर्स में सेट स्कोर के आधार पर नामांकन होगा। यह टेस्ट एक वर्ष में पांच बार मार्च, मई, अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर में लिया जाता है। इस कोर्स में कुल 15 टर्म्स होंगे।

120 सीटों पर लिया जाएगा दाखिला

आइआइएम रांची का होगा यह पहला बैच

आइआइएम रांची • जागरण

कोर्स को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला हिस्सा तीन साल का होगा जिसे फाउंडेशन कहते हैं। दूसरा दो साल संस्थान के अनुसार पूरी तरह मैनेजमेंट पर फोकस होगा। यह कोर्स मैनेजमेंट और सोशल साइंस का मिश्रण है। दो वर्ष पूरे होने पर विद्यार्थियों को सोशल इंटर्नशिप भी करना पड़ेगा।

Dainik Jagran, 15.02.2021, pg. 04